# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 26 अगस्त, 2015/4 भाद्रपद, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न - 15**

----

### पदपूर्ति

1005 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश की किन-किन वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं/उच्च पाठशालाओं में प्रधानाचार्य/ मुख्याध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा रिक्त पदों का पाठशालाओं के नाम व अवधि सहित दें ?

----

### रसोई गैस की कमी

1006 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रसोई गैस के कितने डिपो हैं और गैस की कमी को पूर्ण करने के लिए क्या पग उठाए गए हैं व कितने नये डिपो खोले गए; और

(ख) सरकार नेरवा तथा कुपवी में भी रसोई गैस का डिपो खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

### 33 के0 वी0 ए0 सब-स्टेशन की स्थापना

1007 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) कुपवी में 33 के0 वी0 ए0 सब-स्टेशन स्थापित करने व लाईन बिछाने हेतु बजट कब स्वीकृत हुआ; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या इस सब-स्टेशन की स्थापना हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; ब्यौरा दें?

----

**बस रूट**

1008 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में सरकार द्वारा चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत HRTC के कितने Routes बन्द किए गये व कितने नये रूट चलाए गये; ब्यौरा दें;

(ख) बन्द किए गए रूटों (Routes) को फिर से बहाल करने के सम्बन्ध में विभाग द्वारा क्या पग उठाये गये; ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग द्वारा HRTC Depot Nerwa को कुल कितनी नई बसें उपलब्ध करवाई हैं; ब्यौरा दें?

----

**रोस्टर का प्रावधान**

1009 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 10-4-2015 से 31-7-2015 तक प्रदेश में विभिन्न सरकारी स्कूलों में कितने अध्यापकों को SMC आधार पर नियुक्त किया गया; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार द्वारा SMC आधार पर की गई नियुक्तियों में Roster को लागू किया गया है; ब्यौरा दें ?

----

**पौधरोपण पर व्यय**

1010 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिनांक 31.07.2015 तक प्रदेश में वनों के बचाव व पौधरोपण पर कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा वन मण्डलवार दें;

(ख) वर्ष 2012, 2013 तथा वर्ष 2014 में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन

इलाकों में पौधरोपण किया गया तथा कितने पौधे लगाए गए; और

(ग) रोपित पौधों की जीवित दर क्या है; ब्यौरा पंचायतवार  दें ?

----

## बरसात से नुकसान

1011 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 31.07.2015 तक नाचन चुनाव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत इस बरसात से कितने घरों व खेतों को नुकसान हुआ है; विवरण दें; और

(ख) सरकार द्वारा कितनी धनराशि प्रभावित परिवारों को दी गई है; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत योजनाएं

1012 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षो में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत NABARD के अन्तर्गत कितने कार्य व स्कीमें स्वीकृत हुई ; ब्यौरा वर्षवार दे; और

(ख) इन स्कीमों की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## पी0 ई0 टी0 की नियुक्ति

1013 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 16.2.2015 से 31.7.2015 तक हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सरकार ने P.E.T. की Counselling की है;

(ख) यदि हां, तो सरकार इन P.E.T.की नियुक्ति कब तक करेगी; विवरण दें?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

1014 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के

अन्तर्गत Field Staff i.e. JE, Surveyor, Work Inspector, Road Supervisor, Mate व बेलदार etc. के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा रिक्त पदों का नाम सहित मण्डलवार दें ?

----

## सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में रिक्तियां

1015 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में प्रदेश में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत field staff i.e. JE, Water Guard Helper, Fitter, बेलदार व Pump Operator etc. के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा रिक्त पदों का नाम सहित मण्डलवार दें ?

----

## उप-मण्डलाधिकारी कार्यालय

1016 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में कितने उप-मण्डल अधिकारी कार्यालय (SDM Ofiice) विद्यमान हैं; इनमें से दिनांक 11 अप्रैल, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक कितने नए उप-मण्डल अधिकारी कार्यालय अधिसूचित किए गए; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ख) इन अधिसूचित किए गए कार्यालय के खोलने के क्या-क्या मापदण्ड हैं ?

----

## जेल भवन

1017 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार को कुल्लू स्थित जेल को शहर से बाहर भूमि उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है ; और

(ख) यदि हां, तो कब और क्या भूमि का चयन हो गया है तथा कब तक निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा?

----

## पशु औषधालय में रिक्तियां

1018 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)** :

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में कुल्लू जिला में कुल कितने पशु औषधालय हैं;

(ख) कितने पशु औषधालयों में डॉक्टरों तथा वैटरिनरी फार्मासिस्टों की स्थाई नियुक्ति नहीं है;

(ग) प्रत्येक औषधालयों की स्वीकृति की तिथि व रिक्त पदों का ब्यौरा औषधालयवार दें; और

(घ) सरकार रिक्त पदों को विशेषकर दुर्गम क्षेत्रों में कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत धनराशि

1019 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में नाबार्ड के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की किन-किन योजनाओं की अनुशंसा की गई और सरकार ने धन उपलब्ध करवाने हेतु नाबार्ड को प्रेषित किया है; और

(ख) किन- किन योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है और कितनी-कितनी धनराशि नाबार्ड द्वारा प्रदान की गई और कौन-कौन सी योजनाएं विचाराधीन हैं; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**
**दिनांक: 13 अगस्त, 2015.** **सचिव।**